
आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :369 पृष्ठ -4 दिंनाक 12 जनवरी 2025 दिन रविवार

# यूपी में भीषण सर्दी के बीच आज 38 जिलों में बारिश का अलर्ट

उत्तर प्रदेश में हाड़ कंपाने वाली सर्दी और घने कोहरे की मार पड़ रही है. इस बीत आज से मौसम का मिजाज बदल रहा है. शनिवार से दो दिन प्रदेश के 38 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. जिससे आने वाले दिनों में सर्दी और बढ़ेगी. नोएडा, गाजियाबाद, आगरा समेत कई जिलों में आज झमाझम बारिश होने के आसार हैं. ऐसे में आने वाले दिनों में सभी सर्दी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है. सोमवार से तापमान में और गिरावट आएगी. मौसम विभाग के मुताबिक आज पश्चिमी यूपी में कुछ स्थानों पर और पूर्वी यूपी में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है. वहीं देर रात्रि के समय और सुबह कही-कहीं छिछला से मध्यम कोहरा छाये रहने की संभावना है. कुछ जगहों



पर बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई है. रविवार को भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है. 13 जनवरी से एक बार मौसम शुष्क रहेगा. लेकिन तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है. नोएडा-गाजियाबाद में बारिश का अलर्ट प्रदेश में आज नोएडा, गाजियाबाद, बागपत, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, सँभल, अलीगढ़, मथुरा, बदायूं, कांशीरामनगर, एटा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, ओरैया, जालौन, झांसी, ललितपुर, महोबा, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, रायबरेली, कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी, उन्नाव और फतेहपुर में बिजली की चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. बारिश और सर्दी के बीच प्रदेश के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. पिछले 24 घंटों में अयोध्या और चुर्क में सबसे ठंडा दिन रहा. यहां न्यूनतम तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया. कानपुर में ठंड में तेजी से इजाफा देखा गया यहां न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस रहा, रा. जधानी लखनऊ और बाराबंकी में 5.4, सुल्तानपुर में 5.0, मेरठ में 5.2, बरेली में 5.3 और मुरादाबाद में न्यूनतम तापमान 6.0 डिग्री रहा. कड़ाके की सर्दी के बीच सीएम योगी ने भी लोगों को सर्दी से बचने की सलाह दी और प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि कोई भी बेघर खुले में रात न गुजारे, ये सुनिश्चित हो कि वो रैन बसेरों में रहें.

## पीलीभीत पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, दिनदहाड़े लूट करने वाले 6 शातिर बदमाश गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में सरे राह चलते तमंचे के बल पर लूट करने वाले 6 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. आरोपियों के पास से दो चोरी की बाइक अवैध तमंचा कारतूस चाकू सहित लगभग 45 हजार रुपये की नगदी बरामद हुई है.पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए शातिर बदमाश रोहिताश कुमार व श्याम मिश्रा उर्फ देवू व प्रेम पाल अरुण सुनील के साथ मिलकर राह चलते लोगों से अवैध तमंचा व चाकू की नोक पर डरा धमकाकर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे. सभी अभियुक्त बरखेड़ा थाना क्षेत्र के आसपास के ही रहने वाले हैं.बीते दिनों गन्ना किसान के द्वारा इन्हीं बदमाशो ने किसान से उसका मोबाइल व 30 हजार की नकदी लूट कर मौके से फरार हो गए थे. जिसकी सूचना पर पीड़ित किसान की तहरीर के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की और आसपास ही घटनाओं को लेकर भी आरोपियों से पूछताछ कर उनके साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. ग्रामीणों ने ली अब राहत की सांस इस घटना के खुलासे के बाद अब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है. लगातार लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर बदमाशों की धर पकड़ के बाद पुलिस भी चौन की सांस लेकर वाह-वाही बटोर रही है.जानें क्या बोली पुलिससीओ बीसलपुर प्रतीक दहिया ने बताया कि बरखेड़ा क्षेत्र में 13 जनवरी को एक गन्ना किसान से 30 हजार व एक मोबाइल लूट की घटना हुई थी. जिसको लेकर दो अन्य लूट की घटनाओं की जांच करते हुए सर्विलांस टीम व एसओजी टीम ने 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है. अभियुक्तों के पास से चोरी की दो बाइक दो, अवैध तमंचा कारतूस सहित चाकू बरामद किया गया है.

## महाकुंभ में सर्दी के बीच मिठास घोल . रहे रबड़ी वाले बाबा, हर रोज भक्तों की लगती है भीड़



प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू होने वाले भव्य महाकुंभ की दिव्य छठा अभी से दिखने लगी है. महाकुंभ से पहले ही तमाम साधु-संतों और अखाड़ों का कुंभनगरी में पहुंचना शुरू हो गया है. जिसमें कई रंग देखने को मिल रहा है. महाकुंभ में आने वाले कई संत अपने हठयोग और अनोखी तपस्या को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं इन्हीं में से एक श्री महंत देव गिरि महाराज भी अपने काम को लेकर सुर्खियों में बने हैं. वो महाकुंभ में आने वाले लोगों को रबड़ी बनाकर खिला रहे हैं. जिसकी वजह से लोग उन्हें रबड़ी वाले बाबा भी कहकर बुलाते हैं. श्री महंत देव गिरि महाराज जिन्हें लोग रबड़ी वाले बाबा कह रहे हैं इन दिनों कुंभ नगरी में चर्चा का विषय बने हुए हैं. वो दिनभर रबड़ी बनाते हैं और रोजाना हजारों लोगों को रबड़ी का रसपान कराते हैं. रबड़ी वाले बाबा श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाण में श्रीमंहत पद पर हैं और कई दिनों से महाकुंभ में रबड़ी बनाकर लोगों को खिला रहे हैं. उन्होंने इसे ईश्वर का आशीर्वाद बताया और कहा कि वो सिर्फ लोगों की सेवाभाव से ये काम कर रहे हैं. महाकुंभ में हो रही रबड़ी वाले बाबा की चर्चा रबड़ी वाले बाबा ने कहा कि वो 9 दि. संबर से महाकुंभ में हैं और ये आयोजन छह फरवरी तक चलेगा. हजारों लोग रा. जाना इस रबड़ी का सेवन कर रहे हैं. सुबह 8 बजे कढ़ाई चढ़ जाती है. उससे पहले हम अपनी दिनचर्या पूजा-पाठ, स्नान करते हैं. जिसके बाद दिनभर रबड़ी बनाते हैं कुंभ में आने वाले लोगों को रबड़ी का रसपान कराते हैं.रबड़ी वाले बाबा श्री पंचायती अखाड़ा महा. निर्वाण में श्रीमंहत पद पर हैं और कई दिनों से महाकुंभ में रबड़ी बनाकर लोगों को खिला रहे हैं. उन्होंने इसे ईश्वर का आशीर्वाद बताया और कहा कि वो सिर्फ लोगों की सेवाभाव से ये काम कर रहे हैं. महाकुंभ में हो रही रबड़ी वाले बाबा की चर्चा रबड़ी वाले बाबा ने कहा कि वो 9 दिसंबर से महाकुंभ में हैं और ये आयोजन छह फरवरी तक चलेगा.हजारों लोग रोजाना इस रबड़ी का सेवन कर रहे हैं. सुबह 8 बजे कढ़ाई चढ़ जाती है. उससे पहले हम अपनी दिनचर्या पूजा-पाठ, स्नान करते हैं. जिसके बाद दिनभर रबड़ी बनाते हैं कुंभ में आने वाले लोगों को रबड़ी का रसपान कराते हैं. उन्होंने कहा कि कढ़ाई चढ़ाने से पहले पूजा की जाती है. बाबा ने कहा कि हमें रबड़ी बनाने का विचार 2019 में आया. तब से हमने डेढ़ महीना लोगों को रबड़ी खिलाई. ये इसी का आशीर्वाद है कि पहले हम नागा बाबा थे और अब श्रीम. हंत है. श्री मंहत का पद अखाड़े में सबसे बड़ा पद होता है. सबसे पहले रबड़ी का भोग कपिल मुनि को लगाते हैं, सभी देवी-देवताओं को भोग लगाकर ही इसे लोगों में बांटा जाता है. ये हमारा अपना कर्म है, यह केवल लोगों की सेवा के लिए है और कोई पब्लिसिटी स्टंट नहीं है.सेवाभाव से लोगों को खिलाते हैं रबड़ी श्री महंत देव गिरि महाराज ने बताया कि रबड़ी बनाने में किसी का सहयोग नहीं है ये अपने आप चल रहा है. बस ये समझ लीजिए कि इसे मां भगवती, मां काली.. मां आदिशक्ति चला रहीं हैं. कोई दे दे तो बात अलग है. कोई चंदा नहीं ये सिर्फ सेवा है. सभी देवताओं की ऐसी कृपा होगी कि हमारे शरीर को माध्यम बनाकर इस काम को करवा रहे हैं. हमें तो जनता ने पहले ही रबड़ी वाले बाबा का नाम दे दिया है. हम लोगों से यहीं कहेंगे कि सत्य सनातन धर्म के इस पर्व का हिस्सा बनें और यहां आकर पुण्य कमाएं.

## बदायूं में डबल मर्डर से सनसनी सिर कूच कर महिला और उसकी पांच वर्षीय नातिन की निर्मम हत्या, इस हाल में मिले शव



बदायूं के अलापुर थाना क्षेत्र के हयातनगर गांव में शुक्रवार रात घर के बाहर घेर में सो रही महिला और उसकी पांच साल की नातिन की सिर कूचकर निर्मम हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह चारपाई पर दोनों के शव खून से लथ. पथ मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से हत्या से जुड़े साक्ष्य संक. लित किए हैं। हत्या क्यों और किस वजह से की है, इसकी गुत्थी सुलझाने में पुलिस जुट गई है। फिलहाल परिजनों की ओर से अभी किसी पर आरोप नहीं लगाया गया है। दोहरे हत्याकांड से गांव में दहशत का माहौल है।गांव हयातनगर नगर निवासी विजय की मां मीना (50 वर्ष) और बेटी कल्पना (5 वर्ष) घर से 200 मीटर दूरी पर घेर में शुक्रवार रात सोई थीं। परिवार के अन्य लोग घर में सो रहे थे। देर रात किसी समय हत्यारे ने सोते समय चारपाई पर ही दादी व नातिन के सिर पर मुकरी (वजनदार वस्तु) से प्रहार कर निर्मम हत्या कर दी। शनिवार सुबह जब मीना, नातिन के साथ घर नहीं पहुंची, तब मीना की बेटी उन्हें देखने घेर में पहुंची। जहां दोनों के शव चारपाई पर खून से लथपथ पड़े थे।पास में ही खून से सनी कपड़े धोने की मुकरी जमीन पड़ी हुई थी। हत्या की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर अलापुर इंस्पेक्टर धनंजय सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का ज्याजा लिया। परिजनों से रंजिश के बारे में जानकारी ली, लेकिन अभी परिजनों ने किसी से भी रंजिश होने से इनकार किया है। इंस्पेक्टर धनंजय सिंह ने बताया कि दादी नातिन की लकड़ी की बल्ली से सिर कूचकर हत्या की गई है। घटना की जांच की जा रही है। हत्या क्यों और किस वजह से हुई है, इसका पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

## झाड़-फूंक के बहाने मौलवी और उसके साथी ने महिला से किया रेप, बेहोश कर दिया घटना को अंजाम

बागपत में झाड़ फूंक के बहाने महिला से सामूहिक रेप की वारदात सामने आई है. महिला ने आरोप लगाया है कि एक मौलवी व उसके साथी ने झाड़ फूंक करने के बहाने उसे बेहोश कर उसके साथ सामूहिक रेप किया है. पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो तांत्रिकमौलवियों सहित चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है. इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गया है. जबकि एक आरोपी अभी फरार है.पीड़िता ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उसका पति दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है. वहीं उसका मुंह बोला फूफा भी जेल में ही बंद था. जो छूटकर बाहर आ गया तो महिला ने जब उससे जेल छूटने का तरीका पूछा तो उसके फूफा ने बताया कि उसने झाड़ फूंक व तंत्र विधा करवाई है. जिस कारण वह जेल से बाहर आ गया. उसकी बात पर विश्वास करते हुए महिला भी तांत्रिक से झाड़ फूंक करवाने आई थी. तभी तांत्रिक मौलाना नसीम ने अपने साथी महबूब के साथ मिलकर उसके साथ रेप किया. फिलहाल बागपत पुलिस ने चारों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है.झाड़-फूंक के बहाने किया रेप अपर पुलिस अधीक्षक का कहना है कि पीड़िता सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के डोला गांव की रहने वाली है. उसका पति दिल्ली की जेल में बंद है. उसके साथ उसका मुंह बोला फूफा भी जेल में बंद था. वह जमानत पर जेल से बाहर आया तो महिला ने उससे बाहर आने का तरीका पूछा ताकि वह भी अपने पति की जमानत करा सके. मुंह बोले फूफा ने उसे बताया कि उसका एक जानकार तांत्रिक है. जिससे उसने झाड़फूंक कराया था तो महिला ने भी झाड फूंक कराने की बात कही ओर उसका मुँह बोला फूफा उसे अपने साथ निवाडा गांव में एक मकान पर लेकर पहुंचा.जहां पर मुजफ्फरनगर जनपद के रहने वाले दो तंत्र क्रिया करने वाले मौलवी नसीम और गफ्फार पहले से ही मौजूद थे. उन्होंने महिला को कमरे में बंद कर उसके साथ रेप किया. उसे कहां कि किसी को इस बात के बारे में बताना मत और तुम्हारे पति की जमानत हो जाएगी. वहीं जब महिला वहां से अपने घर पहुंची तो वह अपने परिजन को साथ लेकर थाने पहुंची और उसने थाने में मुकदमा दर्ज कराया. फिलहाल पुलिस ने महिला के फूफा और दोनों मौलवियों को गिरफ्तार कर लिया है और एक आरोपी अभी फरार है. महिला ने पुलिस को बताया कि ये लोग पहले भी ऐसे काम किए होंगे और ये जेल चले जायेंगे तो कोई ओर महिला आगे से झांसे में नहीं आएगी.

## रामलला का हुआ अभिषेक, भोग लगाकर महाआरती भी हुई संपन्न, दूर-दूर से आए श्रद्धालु बने साक्षी

अयोध्या रामनगरी अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ को उत्सव की तरह मनाया जा रहा है। पूरी रामनगरी दुल्हन की तरह सज-धज कर तैयार है। तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी के उत्सव का उल्लास शनिवार से ही छलकने लगा है। रामलला के दर्शन के लिए दूर-दराज से लोग अयोध्या पहुंचे हैं। प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी पर रामलला का अभिषेक संपन्न हो गया है। साथ ही रामलला को भोग लगने के बाद पट खुले और महाआरती शुरू हुई। रामनगरी पहुंचे श्रद्धालुओं की उपस्थिती में रामलला की महाआरती भी संपन्न हो गई है। बता दें कि मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के नेतृत्व में अन्य पुजारियों ने महाआरती की।

## किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत को लेकर चंद्रशेखर आजाद चिंतित, किसके के लिए मांगी सद्बुद्धि

पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले 40 से अधिक दिनों से अनशन पर बैठे हैं. किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत भी बिगड़ती जा रही है और उनकी बिगड़ती सेहत पर नगीना सांसद और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की प्रतिक्रिया सामने आई है.नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा-ष्आमरण अनशन करते हुए वयोवृद्ध किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को आज 47वां दिन हो चुका है. उनकी लगातार बिगड़ती सेहत को लेकर मैं अत्यंत चिंतित हूँ. प्रकृति से प्रार्थना है कि वह उन्हें हिम्मत, साहस और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें, साथ ही केंद्र की भाजपा सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करें ताकि वे किसानों की समस्याओं को सुनने और समाधान करने के लिए कदम उठाएं.बीजेपी प्रतिनिधिमंडल में सुखमिंदर पाल सिंह ग्रेवाल और सरचंद सिंह शामिल थे. प्रतिनिधिमंडल ने डल्लेवाल के बिगड़ते स्वास्थ्य पर चिंता व्यक्त की.वहीं बीजेपी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात को लेकर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पंजाब इकाई ने अकाल तख्त से अपील तो की है लेकिन यदि वे वाकई में चाहते हैं कि वह (डल्लेवाल) अपना आमरण अनशन खत्म करें तो उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलना चाहिए.बीजेपी नेता इन लोगों से करें मुलाकातउन्होंने कहा बीजेपी की पंजाब इकाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, गृह मंत्री अमित शाह से संपर्क करना चाहिए. उनसे मिलने के बजाय, वे अकाल तख्त जत्थेदार से संपर्क कर रहे हैं.किसान नेता डल्लेवाल ने कहा कि वह अपना अनशन तभी खत्म करेंगे जब केंद्र किसानों की मांगों को मान लेगा. इन मांगों में फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी भी शामिल है.

# जिला कलेक्ट्रेट पर भारतीय हलधर किसान यूनियन ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए धरना प्रदर्शन किया




कासगंज की जिला कलेक्ट्रेट पर भारतीय हलधर किसान यूनियन ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए धरना प्रदर्शन कियाए किसानों के धरना प्रदर्शन में सेकड़ों किसानों ने हिस्सा लियाए और किसानों ने अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। और एक ज्ञापन जिलाधिकारी कासगंज को दिया आपको बता दे भारतीय हलधर किसान यूनियन के सेकड़ों कार्यकर्ता जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। जंहा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेन्द्र सोलंकी के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए एक धरना प्रदर्शन किया गया। और जिले में किसानों की सरस्याओं के समाधान एक लिए डीएम मेधा रूपम को ज्ञापन भी दिया गया।वहीं धरना प्रदर्शन में मौजूद हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेन्द्र सोलंकी ने कहा की संगठन के द्वारा गरीबए किसानए और मजदूरों की समस्याओं के पूर्ण वै. धानिक समाधान करने की दिशा में कार्य किया जाता है। और संगठन के कार्यकर्ता घर घर जाकर सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाते है। लेकिन जिले में कुछ लोग खुद को भा. जपा कार्यकर्ता बताकर किसानों की जमीनो पर जबरन कब्जा कर रहे है। बीते दिनी भा जा पा नेता बताते हुए कुमकुम वाष्णेय एवं लकी वार्षीय जैसे लोग कासगंज में खुद और उनके गुंडे मिलकर अपनी दबंगई से कर रहे हैंक. ासगंज जिले में उनके रसूख के आगे प्रशासन भी नतमस्तक है। इन दोनों ने जबरन कब्जा करने का ऐसा आतंक मचा रखा है कि गरीबए किसान और व्यापारियों की जमीनें और प्लॉट आदि पर कब्जा करना और पुलिस से धमकानाए आम बात हो गई है। कासगंज जिले में इन लोगों का पूरा प्रयास सरकार की छवि को खराब करने का है।बीते दो जनवरी को जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कासगंज में इन्हीं दबंग और राजनीतिक रसूख वालेए लकी वाष्णेय और कुमकुम रानी वार्षीय द्वारा किया गया था। जिसका विरोध करने के बाद भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक सिंह राघव तथा दो अन्य कार्यकर्ताओं पर अपने राजनै. तिक रसूख के चलते पुलिस में झूठे मुकद्दमे लिखवा कर प्रताड़ित करने का बेजा प्रयास किया जा रहा है।

## कासगंज पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया

कासगंज पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। कोतवाली ढोलना पुलिस ने शुक्रवार को दानियापुर गांव के पास से गैंगस्टर एक्ट में वांछित अपराधी बीटू पुत्र नन्नू राघव को पकड़ा।एसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन में चल रहे अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। SOG टीम और स्थानीय पुलिस ने सर्विलांस की मदद से इस सफलता को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपी नगला धनी का निवासी है और उसके खिलाफ जिले में पहले से ही 4 आपराधिक मामले दर्ज हैं।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। बदमाश के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## कारों पर युवाओं का स्टंट, उड़ीं यातायात नियमों की धज्जियां





एटा जिले की कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में निधौली रोड पर कुछ युवकों की खतरनाक स्टंटबाजी का मामला सामने आया है। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में तीन–चार कारों में सवार युवक चलती गाड़ी की खिड़की से बाहर निकलकर खतरनाक स्टंट करते नजर आए।राष्ट्रीय यातायात माह के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी लोग नियमों का उल्लंघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें कारों के काफिले में 10–12 युवा भीड़भाड़ वाली जगह पर स्टंट करते हुए दिखाई दिए।बताया जा रहा है कि 10 से 12 युवा तीन कारों में सवार होकर भीड़ वाली सड़क पर स्टंट कर रहे थे। रील बनाने के चक्कर में अपने साथ राहगीरों और स्थानीय लोगों की जान भी जोखिम में डाल रहे थे। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के निधौली रोड का यह मामला बताया जा रहा है। युवा कार के शीशे से आधा धड़ बाहर निक. ालकर स्टंट कर रहे थे, तो कोई खिड़की पर लटककर कलाकारी दिखा रहा था।यातायात प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच कराई जाएगी, जो भी युवा व वाहन इसमें शामिल हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी यातायात नियमों के उल्लंघन करने की इजाजत नहीं है।

## कासगंज जिले के हनौता गांव में राशन वितरण को लेकर बड़ा विवाद सामने आया



कासगंज जिले के हनौता गांव में राशन वितरण को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। शनिवार को ग्रामीणों ने राशन डीलर इतवारी लाल पर कम राशन देने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का कहना है कि डीलर, जो कि एक होमगार्ड भी है, अपनी दबंगई के बल पर नियम के विपरीत कार्य कर रहा है।ग्रामीण मनोज के अनुसार, उनकी यूनिट को नियमानुसार 30 किलो राशन मिलना चाहिए, लेकिन डीलर मात्र 25 किलो ही दे रहा है। जब इस कमी का विरोध किया जाता है, तो डीलर विवाद करने पर उतारू हो जाता है।इस मामले में जब राशन डीलर इतवारी लाल से स्पष्टीकरण मांगा गया, तो उन्होंने दावा किया कि उन्हें गोदाम से ही कम राशन प्राप्त होता है। उनका कहना है कि जब बोरियों में गेहूं–चावल ही कम आएगा, तो पूरा राशन कैसे वितरित किया जा सकता है।यह मामला व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करता है, जहां गोदाम स्तर से लेकर वितरण तक राशन में कटौती की जा रही है। सदर एसडीएम ने इस गंभीर मामले का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## एटा में सिंथेटिक दूध के माल का गोदाम

एटा। शहर की सकरी गली सिंथेटिक दूध के माल का गोदाम चलाया जा रहा था। बुधवार रात सूचना पर माल ले जाते एक टेंपो का पीछा करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की गोदाम तक पहुंची। 5.55 क्विंटल घी–तेल, 1.71 क्विंटल मिल्क पाउडर, 1.50 क्विंटल ड्राई ग्लूकोज सहित मिलावट के लिए इस्तेमाल होने वाले अन्य पदार्थ भी बरामद किए गए हैं।सहायक आयुक्त खाद्य डॉ. चमन लाल ने बताया कि वह बृहस्पतिवार की रात कार्यालय से निकले। रास्ते में एक ऑटो में मिल्क पाउडर रखा नजर आया। इस पर ऑटो का पीछा किया। पीछा करते हुए नारायण नगर की गली में एक गोदाम के बाहर पहुंचे। यहां पुलिस की मदद से छापामार कार्रवाई की। इस गोदाम से 5. 55 क्विंटल घी–तेल, 1.71 क्विंटल मिल्क पाउडर, 2.73 क्विंटल व्हे पाउडर (एक तरह का प्रोटीन पाउडर), 1.50 क्विंटल ड्राई ग्लूकोज और एक अमिश्रिक की 25 बोतल बरामद हुईं।छापामार कार्रवाई के दौरान गोदाम का संचालक भाग गया। मिले सभी 6 पदार्थ के नमूने लिए गए हैं। इनको जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। माल कहां से आता था, किस–किस को दिया जाता था आदि बिंदुओं पर जांच पड़ताल चल रही है। कार्रवाई के दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी केके त्रिपाठी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह, दिनेश भारती मौजूद रहे।लोग बोले– बनाया जाता था दूध गोदाम पर कार्रवाई के दौरान पास–पड़ोस के लोगों का कहना था कि यहां सिंथेटिक दूध बनाया भी जाता था। मिल्क पाउडर सहित ग्लूकोज आदि दूध बनाने में ही प्रयोग किए जाते हैं।

## गोशाला में अतिक्रमण, आयोग के सदस्य खफा

जलेसर(एटा)। गोसेवा आयोग उप्र के सदस्य रमाकांत उपाध्याय शुक्रवार को जलेसर आए। गोशाला का निरीक्षण किया। इसके अलावा ब्लॉक सभागार में बैठक की। जैनपुरा गोशाला में अतिक्रमण की स्थिति पर नाराजगी जता. ई। वहीं, निरीक्षण के दौरान गोशालाओं में अव्यवस्था मिलने पर कर्मचारियों को फटकार लगाई। आयोग के सदस्य ने कहा कि कोरोना काल में काफी लोग काल कवलित हो गए, लेकिन गोपालकों पर कोरोना का प्रभाव नहीं देखा। इसलिए गाय बहुत शक्तिशाली है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोशालाओं में छोटे गोवंशों के लिए अलग से छोटी नांदें बनवाएं। पानी की गंदगी की नियमित रूप से सफाई कराई जाए। बीमार गा. `वंशों के लिए आइसोलेशन रूम की व्यवस्था करें।गोचर भूमि पर अवैध कब्जे की तमाम शिकायतें मिल रही हैं। जैनपुरा गोशाला की कुल 67 बीघा जमीन में से सिर्फ 25 बीघा का उपयोग हो पा रहा है। यह स्थिति बेहद शर्मनाक है एसडीएम भावना विमल को गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए कहा। सीओ नीतिश कुमार गर्ग से कहा कि गो तस्करी की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करें। गोभक्तों पर कोई कार्रवाई न की जाए। गोवंशों पर हो रहे अत्याचार पर अंकुश लगाएं। देसी गोवंश किसानों के पास पहुंचाने के लिए सरकार प्रयासरत है। गोशालाओं से 4 गोवंश लेने पर गोपालक को मनरेगा से टिनशेड का निर्माण कराकर दिया जाएगा।इसके बाद सदस्य ने नगर व क्षेत्र की गोशालाओं का निरीक्षण किया। निधौली रोड स्थित वृहद गोशाला में तमाम अनियमितताएं मिलीं। चारे की कमी और गंदगी पर ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव को फटकार लगाई। दोबारा अनियमितता मिलने पर जेल भि. जवाने की चेतावनी दी। कान्हा गोशाला में ठंड से बचाव के इंतजाम न होने पर गोशाला प्रभारी को फटकार लगाई। जैनपुरा गोशाला में भी अनियमितताएं मिलीं। बैठक से पूर्व ब्राह्मण समाज ने गोसेवा आयोग के सदस्य का स्वागत किया। अजीत गौतम, वीकेंद्र उपाध्याय, विनोद धनगर, विजय गौतम, लकी महरोत्रा आदि मौजूद रहे।

## एटा जिले के जलेसर थाना क्षेत्र में एक .चौंकाने वाला मामला सामने आया

एटा जिले के जलेसर थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बलेसरा गांव में 30 वर्षीय आश मुहम्मद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक शुक्रवार को ही पंजाब से अपने घर लौटा था।जानकारी के अनुसार, रात में शराब के नशे में आश मुहम्मद की पत्नी से कहासुनी हुई थी। सुबह उसका शव चारपाई पर पड़ा मिला। शव की जांच में दाहिनी तरफ कान के नीचे काला निशान पाया गया, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक के परिजनों ने पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया है।घटना की सूचना मिलते ही जलेसर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जिले के उच्च अधिकारियों को सूचित किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वाड को भी बुलाया गया। जांच एजेंसियों ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं।थाना प्रभारी जलेसर डॉक्टर सुधीर राघव ने बताया कि शव को पंचनामा की प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मृत्यु का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस मामले की हर दिशा में जांच कर रही है।

## कासगंज में महापुरूषों की प्रतिमाओं के साथ की जा रही तोड़फोड़ . के विरोध में समाजवादी पार्टी ने शनिवार को प्रशासन के समक्ष अपना विरोध दर्ज कराया



कासगंज में महापुरुषों की प्रतिमाओं के साथ की जा रही तोड़फोड़ के विरोध में समाजवादी पार्टी ने शनिवार को प्रशासन के समक्ष अपना विरोध दर्ज कराया। सपा सांसद देवेश शाक्य ने राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी और जिलाध्यक्ष विक्रम यादव के साथ अपर जिलाधिकारी राकेश पटेल को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष विक्रम यादव ने बताया कि जिले के बोंदर गांव में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के साथ चार बार छेड़छाड़ की गई है। जातिगत द्वेष के चलते प्रतिमा का चश्मा तोड़ दिया गया। इसी तरह दि उरैईया गांव में अहिल्याबाई होल्कर के सम्मान में लगे बोर्ड को भी कुछ अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया।सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन इन घटनाओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिससे दोषियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने मांग की है कि ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। समाजवादी पार्टी ने पिछड़े और दलित समाज के महापुरुषों का लगातार हो रहे अपमान पर गहरी चिंता जताई है।

## एटा जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई

एटा जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक 18 वर्षीय युवक ने 5 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। आरोपी सोनू ने चॉकलेट का लालच देकर बच्ची को अपने घर में बुलाया और कुंडी लगाकर उसके साथ छेड़छाड़ की।घटना मंगलवार दोपहर की है, जब पीड़ित बच्ची अपने दोस्तों के साथ एक खाली प्लॉट में खेल रही थी। आरोपी सोनू, जो श्याम का पुत्र है, वहां आया और बच्चों को चॉकलेट का लालच देने लगा। मासूम बच्ची उसके बहकावे में आ गई। आरोपी उसे अपने घर ले गया और वहां उसके साथ अश्लील हरकतें की। घर लौटने के बाद बच्ची ने रोते हुए अपनी मां को पूरी घटना बताई। शाम को जब बच्ची के पिता काम से घर लौटे, तो उन्हें इस घटना की जानकारी दी गई। पिता ने तुरंत कोतवाली देहात पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पीड़िता के पिता की शिकायत पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है, जो घटना के बाद से फरार है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**शहर के समाजसेवी और लघु उद्योग भारतीय के महामंत्री और भारत विकास परिषद के सचिव को शहर की एक भाजपा नेत्री ने खुली धमकी दी है। जिसकी ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।**

बांकनेर स्थित प्रोपटी का है यहां बरबरा में ही भाजपा नेत्री और पूर्व  कुमकुम वार्ष्णेय का एसकेबी स्कूल है। यहां आज से 25 वर्ष पहले प्लाटिंग शहर के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यापारी रामबाबू माहेश्वरी ने अपनी निजी संपत्ति पर की थी। कुल प्लांटो की संख्या 98 थी। जिसमें 48 लोगों ने प्लांट खरीद लिए थे। प्लाटिंग के दौरान तीन साइड रोड और एक मैन रोड दिया गया था। कुमकुम वार्ष्णेय के स्कूल के लिए रास्ता अलग से था, लेकिन कुमकुम वार्ष्णेय ने राजनीति दबाब बनाते हुए अलग से रास्ता खोल लिया। आधे से ज्यादा प्लांटो की नीम को उखाड़ कर फेंक दिया। काफी बड़े हिस्से को समतल कराकर अपना कब्जा करने का प्रयास किया। जब प्लांट मालिको ने विरोध किया तो कुमकुम वार्ष्णेय ने अशोक ठाकुर सहित चार पांच अन्य लोगों के खिलाफ बेटे से मारपीट करने के आरोप मुकदमा दर्ज करा दिया। जिसमें षड़यंत्र कारी के रुप में राजकोल्ड स्टोर के मालिक शरद माहेश्वरी और मुकेश शर्मा का षडयंत्र कारी के रुप में नामदर्ज कराया है। इस मामले में शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी ने कुमकुम वार्ष्णेय और मुकेश शर्मा से फोन पर बात कराकर मामले में समझौता कराने का प्रयाय किया, तो कुमकुम वार्ष्णेय ने कहाकि मैं इस हरा''जादे से बात नहीं करुंगी, मैं इसे गोली मार दूंगी, वरना भाग जा शहर छोड़कर। इस बात की ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस धमकी से परेशान मुकेश शर्मा का परिवार डिप्रेशन में है। उन्होंने डीएम मेधा रूपम और एसपी अंकिता शर्मा से लिखित प्रार्थना पत्र देकर मामले में कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। डीएम मेधा रूपम ने पीडित को निष्पक्ष जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने का आश्वाशन दिया।पार्क एंव क्रीडा स्थल के लिए की गई थी भूमि आंवटित वर्ष 2016 में इसी भूमि को पार्क और क्रीड़ा स्थल के लिए अधिग्रहण किया गया था, लेकिन इस जमीन को अधिग्रहण नहीं किया। इस जमीन पर मालिकाना हक रामबाबू की मृत्यु के बाद उनके पुत्र शरद माहेश्वरी एवं 48 प्लांट मालिको का है, लेकिन इसी जमीन पर भाजपा नेत्री कुमकुम वार्ष्णेय की बुरी नजर है। वह उस पर कब्जा करना चाह रही है। इसी वजह से उन्होंने शहर के एक नामजद सहित चार पांच लोगो पर बेटे के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है।

# कुलपति बदले, प्रो एनबी सिंह होंगे नए वीसी, 13 जनवरी को संभालेंगे चार्ज

अलीगढ़ की राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी के कुलपति बदल दिए गए हैं। लखनऊ के ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह को राजभवन ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी का कुलपति बना दिया है। वह 13 जनवरी को विवि में कार्यभार संभालेंगे।राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी के नए कुलपति प्रो एनबी सिंह की अमर उजाला से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि वह 13 जनवरी को अलीगढ़ पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करेंगे। राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद प्रो चंद्रशेखर को अंतरिम प्रथम कुलपति के रूप में नियुक्त किया गया था। प्रो चंद्रशेखर ने डॉ भीमराव अंबेडकर विवि के खंदारी परिसर में 4 जनवरी 2022 को राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के पहले कुलपति का चार्ज लिया। 3 जनवरी 2025 को तीन साल के कार्यकाल के बाद प्रो चंद्रशेखर का पहला कार्यकाल खत्म हो गया। विवि की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने 3 जनवरी को आदेश जारी कर प्रो चंद्रशेखर को दूसरा कार्यकाल दे दिया। आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में नियमित कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया प्रचलित है, जिसमें समय लगने की संभावना है। प्रो चंद्रशेखर को नियमित कुलपति नियुक्त होने अथवा 6 माह की अवधि अथवा अग्रिम आदेशों, जो भी पहले हो, तक के लिए कुलपति के दायित्वों के निर्वहन के लिए नियुक्त



किया गया।आज राज्यपाल सचिवालय ने आदेश जारी कर प्रो एनबी सिंह को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष तक के लिए राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी का कुलपति बना दिया है। वह ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति के पद पर तैनात थे। प्रो. एनबी सिंह को अप्रैल 2022 में भाषा विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया था। 30 अप्रैल को उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा था।

## डीएस के ऑडिटोरियम में बारह तारीख को दिखेगा कमाल काकून का

अलीगढ़ ।महानगर में होने वाले एक अद्वितीय और प्रेरणादायक सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस जीटी रोड स्थित एक होटल में आयोजित की गई ।इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में आगामी 12 जनवरी को डीएस कॉलेज के सभागार में दोपहर को होने वाले नाट्य मंचनष्कमाल काकून काफ्की जानकारी और उसकी विशेषताएं को साझा किया गया ।आपको बता दें कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम अलीगढ़ में अपनी तरह का प्रथम आयोजन है जिसमें नेत्रहीन कलाकार,डाउन सिंड्रोम,ऑटिज्म, मूक बधिर और अन्य शारीरिक चुनौतियों से जूझ रहे बच्चे अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और इन बच्चों द्वारा संगीतमय नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होंगी ।इस आयोजन का उद्देश्य न केवल इन विशेष कलाकारों की क्षमताओं को समाज के सामने लाना है बल्कि उनके प्रति समाज में संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाना भी है। इधर प्रेस वार्ता में आयोजकों ने बताया कि दिव्यांग बच्चों द्वारा मंच पर प्रस्तुतियां न केवल उनकी प्रतिभा को दर्शाती हैं,बल्कि उनकी भावनाओं,दृढ़ संकल्प और आत्म. विश्वास का भी परिचायक होती हैं और विशेष रूप से नेत्रहीन और मूक–बधिर बच्चों के लिए, यह एक ऐसा अवसर होता है जहां वे अपनी आंतरिक क्षमताओं और भावनाओं को अभिव्यक्त कर पाते हैं साथ ही दिव्यांग बच्चे यह महसूस करते हैं कि उनकी प्रस्तुति केवल एक प्रदर्शन नहीं अपितु समाज को एक संदेश है जो उन्हें अधिक प्रेरणा और ऊर्जा से भर देता है।आपको बता दें कि ये आयोजन आर.के.फाउंडेशन मानिक चौक,सेवानिवृत न्यायमूर्ति ए.एन.मित्तल,धर्म समाज सोसा. इटी, विज्डम पब्लिक स्कूल और मार्निंग वॉकिंग क्लब के कुशल तत्वाधान में होने जा रहा है जबकि इस प्रेस वार्ता में प्रमोद विजडम और डॉ.भरत वार्ष्णेय ने विश्वास जताया है कि मंच पर उनकी प्रस्तुति यह दिखा देगी कि वे बच्चे अपनी कमियों को अपनी ताकत में बदलने की कला भी जानते हैं।

## शहर की सड़कों से कूड़ा उठाएगा जटायु, .750 सफाई कर्मचारी तैनात

नगर निगम ने शहर के जोन दो और चार में साफ–सफाई का कार्य सुकमा कंपनी को दे रखा है। पूर्व में हुई सफाई कर्मियों हड़ताल के कारण सीएलसी (शहरी अजीविका मिशन) से लगभग 750 कर्मचारियों को इस निजी कंपनी में मर्ज कर दिया गया है।इस साल अलीगढ़ शहर को कई नई सुविधाएं मिलेंगी। मो. हल्लों की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही शहर की सड़कों को साफ सुथरा रखा जाएगा। सफाई की कमान संभालने वाली नई कंपनी सुकमा को मैन पावर से ज्यादा मशीनों पर भरा. सा है। ऐसे में आधे शहर में जटायु मशीन से सफाई कराई जाएगी।अन्य प्रदेशों की भांति अलीगढ़ में भी मशीनों पर ज्यादा भरोसा जताया जा रहा है। कंपनी जल्द ही दो जटायु मशीन और दो जेसीबी खरीदेगी। वार्डों के मुख्य मार्ग से लेकर भीतर तक जटायु मशीन से कूड़ा उठाया जाएगा। एक मशीन 60 से 70 सफाई कर्मियों के बराबर कार्य करेगी। इसके अलावा गलियों से सफाई कर्मचारी कूड़ा उठान कर डलाव घर तक लाएंगे।नगर निगम ने शहर के जोन दो और चार में साफ–सफाई का कार्य सुकमा कंपनी को दे रखा है। पूर्व में हुई सफाई कर्मियों हड़ताल के कारण



सीएलसी (शहरी अजीविका मिशन) से लगभग 750 कर्मचारियों को इस निजी कंपनी में मर्ज कर दिया गया है। यह कर्मचारी अब नई कंपनी के नियम और निर्देशन में कार्य करेंगे। एक जनवरी से नई कंपनी ने कार्य शुरू कर दिया है।कंपनी ने काम शुरू कर दिया है। सफाई के लिए सफाई कर्मियों के साथ मशीनें लगाई जाएंगी। पहले चरण में दो जटायु मशीनें मंगाई जा रहीं हैं। इससे सफाई करने में आसानी होगी। कम समय में ज्यादा स्थानों की सफाई होगी। कंपनी द्वारा नालों की सफाई कराई जाएगी। इसके लिए नाला गैंग बनाया जाएगा। जिसमें करीब 60 से 70 सफाई कर्मचारी होंगे। मशीन से और मैनुअली सफाई की जाएगी। वार्ड पार्षद से मिलकर साफ–सफाई की समस्या जानी जाएगी। इसके बाद वार्डों की सफाई कराई जाएगी। शहरवासियों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा, ताकि आमजन सूचना दे सकें।निजी कंपनी से जुड़े कर्मचारियों का वेतन हर माह की सात तारीख को उनके खाते में जाएगा। हादसे में घायल होने पर 50 हजार और हताहत होने पर 7.50 लाख का बीमा कवर मिलेगा। वर्दी भी दी जाएगी।नगर निगम शहर की सड़कों पर गंदगी करने वालों पर शिकंजा कसेगा। इसके लिए एक चालान टीम बनाई जाएगी। यह टीम सबसे पहले रेहड़ी और ठेले वालों को जागरूक कर सहयोग मांगेगी। इसके बाद चालान करेगी।

## अलीगढ़ के छर्रा थाना क्षेत्र में छर्रा–अतरौली मार्ग में गांव सफीपुर के पास शुक्रवार को एक मैक्स और ऑटो में आमने सामने की भिड़ंत हो गई

अलीगढ़ के छर्रा थाना क्षेत्र में छर्रा–अतरौली मार्ग में गांव सफीपुर के पास शुक्रवार को एक मैक्स और ऑटो में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि मैक्स सड़क के नीचे पलट गई और ऑटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसके साथ ही ऑटो में बैठी सवारियां भी गंभीर घायल हो गई।हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए और एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रिय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जिसके बाद दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं मृतक के शव को पा. स्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।छर्रा थाना क्षेत्र के गांव सलगवां निवासी अक्षय राघव (32) पुत्र रणधीर शुकवार शाम को दवा लेने के लिए अतरौली गए हुए थे। उनके साथ उनके दो दोस्त भी अतरौली गए थे। सभी अतरौली से वापस छर्रा आने के लिए निकले थे और एक ऑटो में सवार हुए थे।ऑटो जब गांव सफीपुर के पास पहुंचा तो सामने से आ रही एक मैक्स ने ऑटो में जा. रदार टक्कर मारी, जिसके कारण ऑटो में बैठे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें अक्षय के गंभीर चोटें आई और मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के कारण ऑटो चालक और मैक्स के ड्राइवर के भी चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजने के साथ ही लोगों से पूछताछ की। जिससे घटना के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।सीओ छर्रा महेश कुमार ने बताया कि हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी, जिसके शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। वहीं घायलों का अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है। अगर कोई तहरीर मिलती है तो तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 10 जनवरी इनरव्हील डे के उपलक्ष्य में इनरव्हील क्लब अलीगढ़ पहल की सदस्यों द्वारा केक काटकर इनरव्हील डे मनाया गया

आज 10 जनवरी इनरव्हील डे के उपलक्ष्य में इनरव्हील क्लब अलीगढ़ पहल की सदस्यों द्वारा केक काटकर इनरव्हील डे मनाया गया और सिलाई मशीन भेंट करने का पुण्य कार्य किया गया । इस दौरान यहां पर मन्डल सचिव ज्योति मित्तल जी ने दीप जलाकर मीटिंग का शुभारंभ किया। क्लब द्वारा एक जरूरतमंद महिला को स्वरोजगार हेतु एक सिलाई मशीन भेटकर स्वावलंबी महिला बनाने की दिशा में मदद की गई । यह जिला अध्यक्ष नीलू सिंह धाकरे जी के मार्गदर्शन में छोटा सा प्रयास किया गया था । क्लब की अध्यक्ष तनुजा गुप्ता जी ने मीटिंग होस्ट की और सभी का आभार व्यक्त किया । इस मौके पर सचिव आरती वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष रीता वार्ष्णेय , नीता वार्ष्णेयजी, मनीषा गुप्ता जी, डॉली गुप्ताजी ,रोली वाष्णेय जी , अनीता वार्ष्णेय जी ,सानिया गुप्ता , पूनम वार्ष्णेया ,उपाध्यक्ष दीपाली अग्रवाल, वारिजा गुप्ता ,जॉइंट सेक्रेटरी आरती गुप्ता, साधना वार्ष्णेय और ईसी सदस्य पूनम शर्मा ,अंजू वार्ष्णेय, मीनाक्षी मित्तल, अनीता वार्ष्णेय और बीनू अग्रवाल आदि महिलाएं मुख्य रूप से उपस्थित रही ।

## थाना सहपऊ पर उपस्थित क्षेत्र गणमान्य सम्भ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर जाना हाल तथा जनपद में शान्ति/कानून व्यवस्था बनाये रखने की अपील की

हाथरस। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा थाना सहपऊ का भ्रमण एवं थाना दिवस का आयोजन किया गया । इस दौरान उपजिलाधिकारी सादाबाद संजय कुमार, क्षेत्राधिकारी सादाबाद हिमांशु माथुर, थाना प्रभारी सहपऊ, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं थाने के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहें । भ्रमण के दौरान थाना कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मैस, बैरक, थाना परिसर आदि का भ्रमण किया गया तथा सम्बन्धित को समुचित साफ–सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा थानों के रजिस्टर का अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए थानों पर आने वाले शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया । पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई करते हुए समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया । इस दौरान कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया । इस दौरान राजस्व से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व टीम के सहयोग से मामलों के निस्तारण कराने हेतु सम्बन्धित को दिशा–निर्देश दिए गए । पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी सहपऊ को थाने पर आने वाले शिकायतकर्ताओं के साथ शिष्ट आचरण करने तथा उनकी समस्याओं को शालीनता से सुनकर शीघ्र गुणवत्तापूर्वक विधिक निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया । एवं निस्तारण के उपरान्त फीडबैक भी लेने हेतु निर्देशित किया गया । इस दौरान थाना सहपऊ पर उपस्थित सभासद, व्यापार मण्डल के पदाधिकारी/व्यापारीगण, ग्राम प्रधान, स्कूल संचालक आदि गणमान्य/सम्भ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं/जनपद की कानून व्यवस्था सम्बन्धी जानकारी की गई एवं सभी से जनपद में कानून/शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई ।

## जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक की दुकानों पर की आकस्मिक छापे की कार्यवाही

हाथरस । जिला कृषि अधिकारी आरके सिंह ने अवगत कराया है कि शासन के निद. श के क्रम में जिलाधिकारी राहुल पांडेय के द्वारा किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक निधारित दरों पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तहसील वार टीम गठित कर उर्वरक की दुकानों पर आकस्मिक छापे की कार्यवाही कराई गई। तहसील सादाबाद में अपर जिला कृषि अधिकारी राहुल प्रताप सिंह , तहसील हाथरस सासनी में जिला कृषि अधिकारी आर के सिंह, तहसील सिकंदराराउ में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी विभाती चतुर्वेदी के द्वारा 56 दुकानों पर आकस्मिक छापे की कार्यवाही कर 10 ऊर्वरक के नमूना गृहित किए गए, जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला को भेजा जाएगा । स्टॉक बोर्ड एवम अभिलेख न होने पर प्रणव कृषि सेवा केंद्र मई सादाबाद का उर्वरक प्राधिकार पत्र निलंबित किया गया है। अभिलेख अपूर्ण होने पर रुद्र ट्रेडर्स टुकसान, जय शिव शक्ति खाद भंडार हाथरस, बांके बिहारी खाद बीज भंडार हाथरस एवम दुकान बंद होने पर आईएफडीसी टुकसान, आईएफडीसी चिंतापुर,हाथरस 5 ऊर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए हैं। किसान भाई उर्वरक लेते समय आधार कार्ड एवम जमीन की खतौनी अवश्य लेकर जाएं। उर्वरक विक्रेता कृषकों को जमीन के अनुसार आधार प्राप्त कर पोस मशीन से ही उर्वराको का वितरण करें।जनपद में रबी 2024 के यूरिया लक्ष्य 40114 मैट्रिक टन के सापेक्ष47149 मैट्रिक टन आपूर्ति हो चुकी है, 33149मैट्रिक टन वितरण हो चुका है 14000मैट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। जनपद में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है।

# हाथरस में हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रमनपुर निवासी एक युवक का शव

## जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में सिकंद्राराऊ रोड पर मेंडू से आगे सड़क पर पड़ा मिला

हाथरस में हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रमनपुर निवासी एक युवक का शव हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में सिकंद्राराऊ रोड पर मेंडू से आगे सड़क पर पड़ा मिला। युवक की डेडबॉडी कुचली हुई अवस्था में थी। परिवार के लोगों ने उसकी पहचान की है। इन ला.`गों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है और पुलिस को तहरीर दी है।हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रमनपुर निवासी 32 वर्षीय संजय पुत्र चंद्रपाल की डेडबॉडी हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में सिकंद्राराऊ रोड पर मेंडू कस्बे के निकट 7 जनवरी की देर रात सड़क पर पड़ा मिला था। देखने से ऐसा प्रतीत होता था कि रात्रि में उसे कई वाहनों ने कुचला हो। उस समय डेडबॉडी की



पहचान नहीं हुई थी।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टमगृह भिजवा दिया था। अब उसकी पहचान उसके परिवार के लोगों ने की है। संजय की पत्नी और उसके भाई ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने संजय को 7 जनवरी को फोन करके बुलाया था। उन पर इसकी रिकॉर्डिंग भी मौजूद है।पुलिस ने शव का कराया पोस्टमॉर्टमइन लोगों ने संजय की हत्या की है। इस सिलसिले में पुलिस को तहरीर दी गई है। आज डेडबॉडी की पहचान होने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## हाथरस : पत्नी से हुई कहासुनी के बाद एक युवक ने फांसी के फंदे पर लटक कर खुदकुशी कर ली

हाथरस में कोतवाली सदर क्षेत्र के मो.हल्ला नवीपुर में पत्नी से हुई कहासुनी के बाद एक युवक ने फांसी के फंदे पर लटक कर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस भी वहां पहुंच गई। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।मोहल्ला नवींपुर निवासी 27 वर्षीय सागर पुत्र सूरजपाल बारदाने का काम करता था। उसकी ससुराल एटा के सटीक में है। उसकी अपनी पत्नी से कहासुनी हो गई तो इसके बाद पत्नी उसे छोड़कर चली गई। जब सागर घर वापस लौटा और उसे पत्नी नहीं मिली तो वह काफी दुखी हुआ और इसी वजह से उसने घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। कुछ लोगों ने जब उसकी डेडबॉडी फांसी के फंदे पर लटका देखी तो इसकी सूचना पुलिस को दी।एक बच्ची को छोड़ा है बिलखते हुए पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसकी डेडबॉडी को फांसी के फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सागर ने अपने पीछे एक



बच्ची को बिलखते छोड़ा है। उसके भाई सनी ने बताया कि पत्नी को उसकी मौत की सूचना दे दी है लेकिन वह अभी तक लौट कर नहीं आई है।

## हाथरस में जिला प्रशासन ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मथुरा रोड स्थित सुजाता हॉस्पिटल को सील कर दिया

हाथरस में जिला प्रशासन ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मथुरा रोड स्थित सुजाता हॉस्पिटल को सील कर दिया। यह अस्पताल रेडक्रॉस सोसायटी की जमीन पर अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। प्रशासनिक अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर भवन को सील कर अपनी जमीन को कब्जामुक्त करा लिया13 हजार स्क्वायर फीट जमीन पर लिया कब्जाजांच में सामने आया कि 1936 में ठाकुर श्रीकृष्ण चंद्र जी महाराज ट्रस्ट ने 13,000 स्क्वायर फीट जमीन रेडक्रॉस सोसायटी को दी थी। 1980 में नगर पा.लिका ने इसे डॉ. प्रमोद कुमार को संच.ालन के लिए सौंपा था। इसके बाद शहर के एक प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. हरिश्चंद्र ने दस्तावेजों में हेरफेर कर इसे अपने नाम करा लिया और वहां सुजाता हॉस्पिटल के नाम से एक बड़ा वाणिज्यिक अस्पताल बना दिया।शिकायतों पर कमेटी ने की थी जांचपिछले कई महीनों से प्रशासन को इस अवैध कब्जे की शिकायतें मिल रही थीं। जिलाधिकारी ने एक कमेटी गठित कर जांच कराई, जिसमें यह फर्जीवाड़ा सामने आया। जिले में जिलाधिकारी रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष होते हैं, इसलिए यह जमीन जिला प्रशासन की है।पिछले साल इस अस्पताल को सीएमओ कार्यालय से लाइसेंस भी नहीं मिला था। आज की कार्रवाई में एडीएम और एसडीएम सदर मौजूद रहे। बंद पड़े अस्पताल में काफी चिकित्सकीय उपकरण भी पाए गए। प्रशासन ने इस भूमि को अपने कब्जे में लेकर इसे सील कर दिया है। शहर के बीचो–बीच स्थित यह जमीन और भवन की कीमत करोड़ों रुपए है।

## जनपद में हुआ साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला का आयोजन, पुलिस अधीक्षक रहे मुख्य अतिथि

हाथरस। पुलिस अधिक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा जीके कुशल निदर्शन में रामोजी रिजॉर्ट अलीगढ़ रोड पर लघु उद्योग भारती के कुशल निर्देशन में विभिन्न उद्योग व्यापारियों आदि समूह के तत्वाधान में आयोजित की गयी कार्यशाला में विभिन्न प्रकार की डिजिटल फ्रॉड साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी का आदान–प्रदान एवं बचाव का सुझाव दिया गया कार्यशाला में मुख्य अतिथि चिरंजीव नाथ सिंन्हा का फे.डरेशन ऑफ़ आल इंडिया व्यापार मंडल के समूह द्वारा श्री बांके बिहारी जी के प्रतीक चिन्ह एवं पटका पहनाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर भव्य सम्मान स्वागत किया गया। इस अवसर पर फ्रेंड फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया



व्यापार मंडल के संरक्षक बौहरे रमन मूर्ति शर्माजी सर्राफ लोकसभा प्रभारी पंडित सत्य प्रकाश रंगीला पंडित हरेंद्र शर्मा जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल जिला कोषाध्यक्ष योगेश बंसल ( योगी लाला) युवा जिला अध्यक्ष जितिन तरैटिया युवा जिला महामंत्री आक.ाश वर्मा शैलेंद्र शर्मा श्री कृष्णा शर्मा (बंटी भैया कृष्ण ट्रैवल्स) बालकिशन शर्मा (बालो गुरु) राजकुमार कोठीवाल बौहरे अमिताभ शर्मा सर्राफ तंबाकू वाले पवन पौरुष अशोक शर्मा देवकीनंदन वर्मा ओमप्रकाश वर्मा नैतिक अग्रवाल (कान्हा )जगदीश वर्मा प्रदीप वर्मा जलज अग्रवाल शिवम गुप्ता( देवों) कार्यक्रम कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया साइबर सुरक्षा गोष्टी की मुख्य व्यवस्था में नितिन अग्रवाल (राजा रामसोप)नितिन वाष्णैय नितिन अग्रवाल (सर्वेश्वर फूड्स) वैभव मोहता आदि का सराहनीय योगदान रहा कार्यक्रम श्री देवेंद्र मोहता जी श्री नन्नू मल गुप्ता चंचल सुपारी वाले बौहरे श्री रमन मूर्ति जी शर्मा सर्राफ आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण भूमिका ससामान्नीय रही।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत मुख्य विकास .अधिकारी ने की बैठक, अधिकारियों को योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराने के दिए निर्देश

हाथरस। जिलाधिकारी राहुल पांडेय द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के संबंध में जिला कार्यक्रम इकाई की बैठक कलक्ट्रेट सभागार में करते हुए मुख्य विकास अधिकारी सुरेशचन्द्र केसरवानी ने संबंधित अधिकारियों को योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत बेरोजगारी कम करना, शिक्षित और प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करना तथा नये और सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। यह योजना युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है जो युवाओं को अपने सपने को साकार करने और समाज में योगदान देने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण विभाग को विशेष रूप से इस योजना पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिक.ारियों को निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं को इस योजना के बारे में जागरूक किया जाए तथा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों/ कौशल विकास मिशन के माध्यम से प्रशिक्षण




प्राप्त कर रहे/प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणकर्ताओं तथा पॉलीटेक्निक/आई0टी0आई0 के तहत छात्र/छात्राओं का योजनातर्गत आवेदन कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सं.बंधित समस्त विभागीय अधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए उपायुक्त उद्योग ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय सहायता योजना के तहत युवाओं को 5 लाख रुपये तक का 4 साल का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत जनपद को 1500 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना के लिए उत्तर प्रदेश का निवासी होना अनिवार्य है। 21 से 40 वर्ष की आयु, न्यूनतम 8वीं पास, किसी सरकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम या मान्यता प्राप्त संस्थान से कौशल विकास का प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। इस योजना के लाभ हेतु एम0एस0एम0ई0 पोर्टल https:lmsme-up-gov-in के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इसमें पांच लाख रुपये तक 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त बिना गारंटी के ऋण मिलेगा।

ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एससी, एसटी पिछड़ा वर्ग योजना, कौशल विकास में दक्षित होना चाहिए। उन्हीं को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा जिन्होंने सरकार की किसी अन्य योजना में ब्याज अथवा पूंजी उत्पाद पर लाभ न प्राप्त किया हो। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का क्रियान्वयन मिशन मोड में किया जायेगा। योजनान्तर्गत आवेदन आनलाइन माध्यम से ही प्राप्त किये जायेंगे तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (डी०पी०एम०यू०) आवेदनों के चयन, बैंकों में प्रेषण, स्वीकृति एवं समीक्षा के लिए अधिकृत होगी। योजना के संचालन हेतु जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र जिला स्तर पर केन्द्रीय एजेन्सी होगा। योजनान्तर्गत लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के साथ–साथ खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग व व्यवसायिक शिक्षा तथा कौशल विकास विभाग को भी लक्ष्य आवंटित किये जायेंगे, ताकि इस योजना का लाभ सभी वर्गों एवं श्रेणियों के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को मिल सके। किसी अन्य विभाग के संबंध में राज्य स्तरीय शासकीय समिति को निर्णय लेने का अधिकार होगा।

## भाजपा जिलाध्यक्ष की घोषणा कभी भी, नए चेहरे को मिल सकती है कमान

हाथरस। बीते दिन जिलाध्यक्ष पद के लिए भाजपा के पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ताओं ने आवेदन किया था। इनकी संख्या लगभग 77 है। इसमें कई दिग्गज भी शामिल हैं। वो वही ब्राह्मण समाज के उभरते हुए युवा नेता पंडित अजय रावत सहित अन्य ने अपनी रिपोर्ट आलाकमान को सौंप दी थी। अब भाजपा आलाकमान किसी भी समय जिले के जिलाध्यक्ष के नाम का ऐलान कर सकता है।जिले में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के नए जिलाध्यक्ष की घोषणा को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक आलाकमान किसी भी वक्त नए जिलाध्यक्ष के नाम का एलान कर सकता है। सभी की निगाहें फिलहाल आलाकमान की घोषणा पर टिकी हैं। भाजपा के वर्तमान जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी के कार्यकाल को पांच वर्ष भी अभी पूरे नही हुए। लंबे समय से संगठन में जिलाध्यक्ष पद पर फेरबदल की चर्चाएं चल रही हैं। इसे लेकर पिछले दिनों भाजपा के पर्यवेक्षक भी जिले के दौरे पर आए थे। उन्होंने जिले के पदाधिकरियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर भाजपा जिलाध्यक्ष के दावेदारों को लेकर चर्चा की थी। यहां जिलाध्यक्ष पद के लिए भाजपा के पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ताओं ने आवेदन किया था। इनकी संख्या लगभग 77 है। जिसमे ब्राह्मण समाज के उभरते हुए युवा नेता पंडित अजय रावत के साथ कई दिग्गज भी शामिल हैं। उन्होंने अपनी रिपोर्ट आलाकमान को सौंप दी थी। अब भाजपा आलाकमान किसी भी समय हाथरस के जिलाध्यक्ष के नाम का ऐलान कर सकता है। इस पर भाजपा के पदाधिकारियों से लेकर कार्यकताओं तक की निगाहें टिकी हैं। जिले के बहुत से दावेदार व उनके समर्थक प्रदेश की रा.जधानी लखनऊ और देश की राजधानी दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं, जिससे वह अपने नेता को जिलाध्यक्ष बनवा सकें। यहीं नहीं समर्थक अपने नेता को जिलाध्यक्ष बनवाने के लिए सोशल मीडिया पर सक्रिय दिखाई दे रहे हैं और अपने नेता को जिलाध्यक्ष बनाने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं। वही बीते दिन ब्राह्मण समाज के उभरते हुए युवा नेता पंडित अजय रावत ने बीजेपी कार्यालय पर संगठन महापर्व के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हाथरस हेतु अपना आवेदन पत्र ज़िला चुनाव अधिकारी एवं चुनाव पर्यवेक्षक के लोकप्रिय सांसद अनूप प्रधान को अपने प्रस्तावक भाई छोटे लाल राजौरीया जी व अनुमोदक भाई सोम प्रकाश गोला जी मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पिप्पल सभासद वार्ड नंबर 11 अनंतबीर सोलंकी मंडल महामंत्री रूहेरी मंडल विशाल पाथरे आदि रूहेरी मंडल के सम्मानित साथियों के साथ सौंपा। वही जैसा की आपको ज्ञात हो कि पार्टी स्थापना से अभी तक जनपद में ब्राह्मण जिला अध्यक्ष नियुक्त नही हुआ। अबकी बार बीजेपी ब्राह्मण जिला अध्यक्ष नियुक्त करती है तो इसमें ब्राह्मण समाज के उभरते हुए चेहरे में युवा समाजसेवी पंडित अजय रावत का नाम चर्चाओं में देखा जा रहा है।

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार
पत्र जननायक सम्राट
के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल
व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो
संवाददाता की
आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मौः-8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**
**हिंन्दी साप्ताहिक**
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक
आरती वर्मा द्वारा आशु
प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल
अलीगढ़ से मुद्रितकराकर
. कार्यालय सरोज नगर
गली नम्बर 5,अलीगढ़
से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद
अलीगढ़ न्यायलय ही होगा